वर्ष 2022-23 में पीएम केयर्स फंडिंग में कमी

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं आपातकालीन राहत कोष (पीएम-केयर्स फंड) **के ऑडिट विवरणों** के अध्ययन से पता चलता है कि **वर्ष 2022-23 में स्वैच्छिक योगदान घटकर 912 करोड़ रुपए रह गया, जो मार्च, 2020** में इसकी स्थापना के बाद से सबसे कम है।

- वर्ष 2020-21 में यह योगदान **7,184 करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर था**, फिर **कोविड-19** महामारी के बाद **वर्ष 2021-22 में यह घटकर 1,938 करोड़** रुपए रह गया।

//

CONTRIBUTIONS TO THE FUND

(In Rs crore)

Year	Voluntary	Foreign
2019-20	3,076.85	0.39
2020-21	7,183.77	494.93
2021-22	1,896.76	40.12
2022-23	909.64	2.57
Total	13,067.02	538.01

Source: pmcares.gov.in

पीएम केयर्स फंड

- **परिचय:**
  - यह **पंजीकरण अधिनियम, 1908** के तहत **27 मार्च, 2020** को पंजीकृत एक **सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट** है।
- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य **सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों जैसे कोविड-19, प्राकृतिक आपदाओं या मानव निर्मित आपदाओं** सहित **राहत या सहायता प्रदान करना तथा स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्युटिकल** बुनियादी ढाँचे एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास को सुविधाजनक बनाना है।
  - यह प्रभावित आबादी को **वित्तीय सहायता, अनुदान या अन्य आवश्यक सहयोग** प्रदान करता है।
- **सदस्य और शासन:**

- अध्यक्ष: प्रधानमंत्री (पदेन)।
    - ट्रस्टी: रक्षा, गृह और वित्त मंत्री।
    - अतिरिक्त ट्रस्टी: अध्यक्ष द्वारा नियुक्त; गैर-लाभकारी आधार पर कार्य करते हैं।
- कर में छूट:
    - योगदान **आयकर अधिनियम, 1961** की **धारा 80G** के अंतर्गत **100% कर छूट के लिये पात्र** हैं तथा **कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** व्यय के लिये पात्र माने जाते हैं।
    - प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) के समान, इसे भी विदेशी दान प्राप्त करने के लिये विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA) के तहत छूट प्राप्त है।

- **आलोचनाएँ:**
    - **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)** द्वारा ऑडिट नहीं किया जाता है, तथा सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम लागू नहीं होता है।
    - **उद्देश्य का दोहराव:** PMNRF के साथ ओवरलैप।
    - **अपर्याप्त उपयोग:** आवश्यकता होने के बावजूद, धन का उपयोग नहीं किया जाता है (उदाहरण के लिये, 202 करोड़ रुपए वेंटिलेटर वापस कर दिया गया)
    - **विदेशी दान**: घरेलू नीति निर्धारण पर बाहरी प्रभाव के बारे में चिंता जताई गई।

और पढ़ें: पीएम-केयर्स फंड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-cares-funding-dropped-in-2022-23